**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 444**
**सोमवार, 2 फ़रवरी, 2026/13 माघ, 1947 (शक)**

**उत्तर प्रदेश के प्रवासी कामगारों की दशा**

†444. **श्री पुष्पेंद्र सरोज:**
**एडवोकेट प्रिया सरोज:**
**सुश्री इकरा चौधरी:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान देश के विभिन्न स्थानों में कार्यरत उत्तर प्रदेश के प्रवासी कामगारों की वर्ष-वार और राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार जिला-वार संख्या कितनी है;
(ख) उत्तर प्रदेश के उन कामगारों का जिला-वार ब्यौरा क्या है जिन्होंने रोजगार के उद्देश्यों के लिए राज्य के भीतर प्रवास किया है और उन गंतव्य जिलों का ब्यौरा क्या है जहाँ वे कार्यरत हैं;
(ग) क्या सरकार ने देश में, विशेषकर उत्तर प्रदेश के प्रवासी कामगारों के बीच मजदूरी विवादों, औद्योगिक दुर्घटनाओं या सामाजिक सुरक्षा लाभों से वंचित होने के मामलों में वृद्धि दर्ज की है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) उत्तर प्रदेश के प्रवासी कामगारों द्वारा ई-श्रम पोर्टल और श्रम सुविधा पोर्टलों पर दर्ज की गई शिकायतों की संख्या कितनी है; और
(ङ) रोजगार के अवसरों की कमी के कारण उत्तर प्रदेश से जाने वाले प्रदेश के प्रवासी कामगारों के लिए अंतर-राज्यीय आवागमन सुनिश्चित करने और उनके संरक्षण तथा कल्याण को सुदृढ़ करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (ङ): श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा दिनांक 26 अगस्त, 2021 को असंगठित कामगारों का एक राष्ट्रीय डेटाबेस, ई-श्रम पोर्टल शुरू किया गया है। ई-श्रम पोर्टल का मुख्य उद्देश्य प्रवासी कामगारों सहित असंगठित कामगारों का आधार से जुडा एक राष्ट्रीय डेटाबेस तैयार करना और ऐसे कामगारों को मौजूदा सामाजिक सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभों के वितरण को सुविधाजनक बनाना है। यह एक असंगठित कामगार को स्व-घोषणा के आधार पर पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करने की सुविधा देता है। उत्तर प्रदेश से संबंधित ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत और देश के विभिन्न राज्यों में पलायन किए **हुए** असंगठित **कामगारों** का जिला-वार और राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध-I और अनुबंध -II में दिया गया है।** हालांकि,दिनांक 27.01.2026 तक की स्थिति के अनुसार प्रवासी कामगारों सहित 31.49 करोड़ से अधिक असंगठित कामगार ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत किए जा चुके है।

रोजगार के उद्देश्य से राज्य के भीतर पलायन करने वाले उत्तर प्रदेश के **कामगारों** की संख्या का जिला-वार ब्यौरा अनु**बंध** -III में दिया गया है।

जारी--2/--

**दिनांक** 28.01.2026 तक प्रवासी कामगारों द्वारा ई-श्रम पोर्टल पर 19,649 शिकायतें दर्ज की गई हैं।

सामाधान पोर्टल औद्योगिक विवाद अधिनियम,1947 के तहत औद्योगिक विवादों को दर्ज किए जाने को सरल बनाने के लिए कामगारों, नियोक्ताओं और ट्रेड यूनियनों द्वारा शुरू किया गया था। इसमें कामगारों द्वारा उपदान संदाय अधिनियम, 1972, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948, वेतन संदाय अधिनियम, 1936, समान पारिश्रमिक अधिनियम, 1976 और प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम, 1961 के अंतर्गत दावा मामलों को दायर करने की सुविधाएँ भी उपलब्ध हैं। पोर्टल का इंटरफेस उपयोगकर्ता के अनुकूल है और इसने हितधारकों के लिए शिकायत निवारण की पारदर्शिता और दक्षता को बढ़ाया है।

असंगठित कामगारों के लिए विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तक पहुंच के लिए वन-स्टॉप-सॉल्यूशन के रूप में ई-श्रम विकसित करने के संबंध में बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा 21 अक्टूबर 2024 को ई-श्रम-"वन-स्टॉप-सॉल्यूशन" शुरू किया गया है। ई-श्रम- "वन-स्टॉप-सॉल्यूशन" में एक पोर्टल अर्थात ई-श्रम पर विभिन्न सामाजिक सुरक्षा/कल्याणकारी योजनाओं का एकीकरण शामिल है। यह ई-श्रम पर पंजीकृत असंगठित कामगारों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तक पहुँचने और अब तक उन्हें प्राप्त लाभों को ई-श्रम के माध्यम से देखने में सक्षम बनाता है।

अब तक, विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों की चौदह (14) योजनाओं को पहले ही ई-श्रम के साथ एकीकृत/मैप किया जा चुका है ताकि असंगठित कामगारों की सामाजिक सुरक्षा कवरेज को बढ़ाया जा सके, जिनमें प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएमस्वानिधि), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीआई), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबीजीआरएएमजी), प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी), आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई), प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू), प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई), प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान), वन नेशन वन राशन कार्ड (ओएनओआरसी) और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) आदि शामिल हैं।

उपर्युक्त के अलावा, ई-श्रम नौकरी के अवसरों के लिए राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस), कौशल विकास के लिए स्किल इंडिया डिजिटल हब (एसआईडीएच) और पेंशन के लिए प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन (पीएम-एसवाईएम) के साथ सम्बद्ध है।

अंतर-राज्यीय प्रवासी कामगार (रोजगार और सेवा शर्तों का विनियमन) अधिनियम, 1979 को व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य दशाएं (ओएसएच) संहिता, 2020 में शामिल कर दिया गया है। ओएसएच संहिता में प्रवासी कामगारों सहित संगठित और असंगठित कामगारों की सभी श्रेणी के लिए गरिमापूर्ण कार्य दशाएं, न्यूनतम मजदूरी, शिकायत निवारण तंत्र, टोल फ्री हेल्पलाइन, दुर्व्यवहार और शोषण से सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की गई है। यह संहिता प्रत्येक प्रतिष्ठान पर लागू होगी जिसमें दस या अधिक अंतर-राज्यीय प्रवासी कामगार कार्यरत हैं या विगत बारह महीनों में किसी भी दिन नियोजित थे।

श्रम समवर्ती सूची के अंतर्गत आने के कारण श्रम कानूनों का प्रवर्तन राज्य सरकारों और केन्द्र सरकार द्वारा अपने-अपने क्षेत्राधिकार में किया जाता है। केन्द्रीय क्षेत्र में इसका प्रवर्तन केन्द्रीय औद्योगिक संबंध तंत्र के निरीक्षण अधिकारियों के माध्यम से किया जाता है औरए राज्य क्षेत्र में इसका अनुपालन राज्य श्रम प्रवर्तन तंत्र के माध्यम से सुनिश्चित किया जाता है।

*** *****

**अनुबंध -I**

"उत्तर प्रदेश के  प्रवासी कामगारों की दशा" के संबंध में श्री पुष्पेंद्र सरोज ,एडवोकेट प्रिया सरोज एवं सुश्री इकरा चौधरी द्वारा दिनांक  02.02.2026 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 444 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

ई-श्रम पर दिनांक 28.01.2026 तक पंजीकृत उत्तर प्रदेश के असंगठित श्रमिकों की जिला-वार संख्या, जो देश के विभिन्न राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में प्रवासन कर गए हैं:

| क्र.सं. | जिले का नाम | बाह्य प्रवासी |
|---|---|---|
| 1 | आगरा | 2,195 |
| 2 | अलीगढ़ | 2,708 |
| 3 | अम्बेडकर नगर | 4,090 |
| 4 | अमेठी | 3,969 |
| 5 | अमरोहा | 849 |
| 6 | औरैया | 1,953 |
| 7 | अयोध्या | 3,633 |
| 8 | आजमगढ़ | 11,247 |
| 9 | बागपत | 855 |
| 10 | बहराइच | 3,208 |
| 11 | बलिया | 8,116 |
| 12 | बलरामपुर | 3,566 |
| 13 | बांदा | 2,635 |
| 14 | बारा बांकी | 1,496 |
| 15 | बरेली | 4,415 |
| 16 | बस्ती | 4,866 |
| 17 | भदोही | 4,456 |
| 18 | बिजनौर | 4,440 |
| 19 | बदायूं | 5,124 |
| 20 | बुलंदशहर | 2,073 |
| 21 | चंदौली | 2,243 |
| 22 | चित्रकूट | 1,204 |
| 23 | देवरिया | 7,767 |
| 24 | एटा | 1,838 |
| 25 | इटावा | 1,828 |
| 26 | फर्रुखाबाद | 2,177 |
| 27 | फतेहपुर | 3,264 |
| 28 | फिरोजाबाद | 1,960 |
| 29 | गौतम बुद्ध नगर | 2,608 |
| 30 | गाजियाबाद | 3,180 |
| 31 | गाजीपुर | 7,311 |
| 32 | गोंडा | 6,188 |
| 33 | गोरखपुर | 7,840 |
| 34 | हमीरपुर | 1,473 |
| 35 | हापुड़ | 293 |
| 36 | हरदोई | 6,484 |
| 37 | हाथरस | 1,312 |
| 38 | जालौन | 2,070 |
| 39 | जौनपुर | 15,463 |
| 40 | झांसी | 1,647 |

| क्र.सं. | जिले का नाम | बाह्य प्रवासी |
|---|---|---|
| 41 | कन्नौज | 1,933 |
| 42 | कानपुर देहात | 1,533 |
| 43 | कानपुर नगर | 1,864 |
| 44 | कासगंज | 1,875 |
| 45 | कौशाम्बी | 1,543 |
| 46 | खीरी | 2,296 |
| 47 | कुशीनगर | 5,806 |
| 48 | ललितपुर | 687 |
| 49 | लखनऊ | 1,252 |
| 50 | महोबा | 1,543 |
| 51 | महराजगंज | 3,193 |
| 52 | मैनपुरी | 2,221 |
| 53 | मथुरा | 1,597 |
| 54 | मऊ | 4,276 |
| 55 | मेरठ | 908 |
| 56 | मिर्जापुर | 2,667 |
| 57 | मुरादाबाद | 1,575 |
| 58 | मुजफ्फरनगर | 1,472 |
| 59 | पीलीभीत | 1,671 |
| 60 | प्रतापगढ़ | 7,256 |
| 61 | प्रयागराज | 6,062 |
| 62 | रायबरेली | 4,085 |
| 63 | रामपुर | 1,638 |
| 64 | सहारनपुर | 1,701 |
| 65 | संभल | 1,682 |
| 66 | संत कबीर नगर | 3,679 |
| 67 | शाहजहांपुर | 3,662 |
| 68 | शामली | 755 |
| 69 | श्रावस्ती | 1,139 |
| 70 | सिद्धार्थनगर | 5,415 |
| 71 | सीतापुर | 2,735 |
| 72 | सोनभद्र | 845 |
| 73 | सुल्तानपुर | 5,322 |
| 74 | उन्नाव | 4,661 |
| 75 | वाराणसी | 4,064 |
| **कुल** | | **2,48,657** |

**अनुबंध** -II

"उत्तर प्रदेश के  प्रवासी कामगारों की दशा" के संबंध में श्री पुष्पेंद्र सरोज ,एडवोकेट प्रिया सरोज एवं सुश्री इकरा चौधरी द्वारा दिनांक  02.02.2026 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 444 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

ई-श्रम पर दिनांक 28.01.2026 तक पंजीकृत उत्तर प्रदेश के असंगठित श्रमिकों की जिला-वार संख्या, जो देश के विभिन्न राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में प्रवासन कर गए हैं:

| क्र.सं. | राज्य | राज्य में प्रवासी | प्रवासियों की गणना |
|---|---|---|---|
| 1 | उत्तर प्रदेश | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 67 |
| 2 | उत्तर प्रदेश | आंध्र प्रदेश | 331 |
| 3 | उत्तर प्रदेश | अरुणाचल प्रदेश | 422 |
| 4 | उत्तर प्रदेश | असम | 510 |
| 5 | उत्तर प्रदेश | बिहार | 3,545 |
| 6 | उत्तर प्रदेश | चंडीगढ़ | 2,376 |
| 7 | उत्तर प्रदेश | छत्तीसगढ़ | 1,089 |
| 8 | उत्तर प्रदेश | दिल्ली | 40,015 |
| 9 | उत्तर प्रदेश | गोवा | 1,187 |
| 10 | उत्तर प्रदेश | गुजरात | 34,167 |
| 11 | उत्तर प्रदेश | हरियाणा | 48,049 |
| 12 | उत्तर प्रदेश | हिमाचल प्रदेश | 4,863 |
| 13 | उत्तर प्रदेश | जम्मू और कश्मीर | 2,225 |
| 14 | उत्तर प्रदेश | झारखंड | 904 |
| 15 | उत्तर प्रदेश | कर्नाटक | 2,270 |
| 16 | उत्तर प्रदेश | केरल | 371 |
| 17 | उत्तर प्रदेश | लद्दाख | 9 |
| 18 | उत्तर प्रदेश | लक्षद्वीप | 4 |
| 19 | उत्तर प्रदेश | मध्य प्रदेश | 3,749 |
| 20 | उत्तर प्रदेश | महाराष्ट्र | 57,577 |
| 21 | उत्तर प्रदेश | मणिपुर | 80 |
| 22 | उत्तर प्रदेश | मेघालय | 28 |
| 23 | उत्तर प्रदेश | मिजोरम | 6 |
| 24 | उत्तर प्रदेश | नागालैंड | 149 |
| 25 | उत्तर प्रदेश | ओडिशा | 343 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | पुदुचेरी | 8 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | पंजाब | 19,588 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | राजस्थान | 4,609 |
| 29 | उत्तर प्रदेश | सिक्किम | 60 |
| 30 | उत्तर प्रदेश | तमिलनाडु | 665 |
| 31 | उत्तर प्रदेश | तेलंगाना | 1,886 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | दादरा एवं नगर हवेली एवं दमन और दीव | 3,010 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | त्रिपुरा | 16 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | उत्तराखंड | 12,343 |
| 35 | उत्तर प्रदेश | पश्चिम बंगाल | 2,136 |
| **कुल** | | | **2,48,657** |

अनुबंध-III

"उत्तर प्रदेश के  प्रवासी कामगारों की दशा" के संबंध में श्री पुष्पेंद्र सरोज ,एडवोकेट प्रिया सरोज एवं सुश्री इकरा चौधरी द्वारा दिनांक  02.02.2026 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 444 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

**दिनांक** 28.01.2026 तक  की स्थिति अनुसार उत्तर प्रदेश के अन्य जिले में पलायन करने वाले उत्तर प्रदेश के कामगारों  की संख्या का जिलावार ब्यौरा:

| क्र.सं. | पंक्ति शीर्षक | बाह्य प्रवासन | आवक प्रवासन |
|---|---|---|---|
| 1 | आगरा | 728 | 941 |
| 2 | अलीगढ़ | 1,661 | 791 |
| 3 | अम्बेडकर नगर | 1,077 | 343 |
| 4 | अमेठी | 707 | 271 |
| 5 | अमरोहा | 466 | 247 |
| 6 | औरैया | 868 | 270 |
| 7 | अयोध्या | 853 | 516 |
| 8 | ज़ामनगर | 1,809 | 627 |
| 9 | बागपत | 390 | 202 |
| 10 | बहराइच | 557 | 342 |
| 11 | बुलंदशहर | 1,942 | 393 |
| 12 | बलरामपुर | 379 | 216 |
| 13 | बांदा | 543 | 242 |
| 14 | बारा बँकी | 1,002 | 428 |
| 15 | बरेली | 962 | 763 |
| 16 | बस्ती | 961 | 373 |
| 17 | भदोही | 502 | 257 |
| 18 | बिजनौर | 639 | 247 |
| 19 | बदायूं | 1,534 | 398 |
| 20 | बुलंदशहर | 2,341 | 876 |
| 21 | चंदौली | 826 | 360 |
| 22 | चित्रकूट | 238 | 139 |
| 23 | देवरिया | 1,797 | 470 |
| 24 | एटा | 1,188 | 337 |
| 25 | इटावा | 739 | 325 |
| 26 | फर्रुखाबाद | 1,044 | 327 |
| 27 | फतेहपुर | 665 | 288 |
| 28 | फिरोजाबाद | 839 | 395 |
| 29 | गौतम बुद्ध नगर | 2,505 | 19,085 |
| 30 | गाज़ियाबाद | 1,917 | 9,089 |
| 31 | ग़ाज़ीपुर | 1,836 | 530 |
| 32 | गोंडा | 1,032 | 446 |
| 33 | गोरखपुर | 1,582 | 1,924 |
| 34 | हमीरपुर | 751 | 298 |
| 35 | हापुड़ | 574 | 293 |
| 36 | हरदोई | 2,456 | 474 |
| 37 | हाथरस | 858 | 265 |
| 38 | जलौन | 626 | 220 |
| 39 | जौनपुर | 1,662 | 704 |
| 40 | झाँसी | 383 | 343 |
| 41 | कन्नौज | 869 | 277 |
| 42 | कानपुर देहात | 918 | 368 |

| क्र.सं. | पंक्ति शीर्षक | बाह्य प्रवासन | आवक प्रवासन |
|---|---|---|---|
| 43 | कानपुर नगर | 1,481 | 2,448 |
| 44 | कासगंज | 842 | 274 |
| 45 | कौशांबी | 398 | 130 |
| 46 | खेरी | 808 | 300 |
| 47 | कुशीनगर | 1,473 | 710 |
| 48 | ललितपुर | 116 | 65 |
| 49 | लखनऊ | 1,739 | 8,729 |
| 50 | महोबा | 708 | 171 |
| 51 | महराजगंज | 799 | 394 |
| 52 | मैनपुरी | 1,260 | 321 |
| 53 | मथुरा | 530 | 503 |
| 54 | मऊ | 964 | 451 |
| 55 | मेरठ | 863 | 843 |
| 56 | मिर्जापुर | 903 | 377 |
| 57 | मुरादाबाद | 462 | 561 |
| 58 | मुज़फ़्फरनगर | 527 | 322 |
| 59 | पीलीभीत | 360 | 193 |
| 60 | प्रतापगढ़ | 1,342 | 389 |
| 61 | प्रयागराज | 1,352 | 2,257 |
| 62 | रायबरेली | 859 | 428 |
| 63 | रामपुर | 349 | 206 |
| 64 | सहारनपुर | 486 | 431 |
| 65 | संभल | 734 | 281 |
| 66 | संत कबीर नगर | 735 | 348 |
| 67 | शाहजहांपुर | 1,178 | 558 |
| 68 | शामली | 225 | 130 |
| 69 | श्रावस्ती | 169 | 108 |
| 70 | सिद्धार्थनगर | 693 | 363 |
| 71 | सीतापुर | 1,421 | 495 |
| 72 | सोनभद्र | 370 | 729 |
| 73 | सुलतानपुर | 1,067 | 471 |
| 74 | उन्नाव | 1,230 | 504 |
| 75 | वाराणसी | 959 | 2,438 |
| | **कुल योग** | **72,628** | **72,628** |

*****